have been involved and still find a consensus. That is the best way of getting the resolution adopted and implemented later. It is not just a resolution being adopted on paper.

MR. SPEAKER : Question Hour is over.

Several hon. Members *rose*—

(*Interruptions*)

SHRI P.V. NARASIMHA RAO : India agrees with this perception that we should continue with the efforts to keep those powers involved and still get it implemented.

(*Interruptions*)

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

बिहार में कामतोल स्टेशन से 434 डाउन पसेंजर गाड़ी का अपहरण

*165. **श्री मोती भाई आर० चौधरी :**
श्री भीम सिंह :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार में कामतोल स्टेशन से 434 डाउन पसेंजर का गाड़ी अपहरण कर लिया गया था ;

(ख) यदि हां, तो इस घटना का ब्योरा क्या है ; और

(ग) सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है तथा दोषी व्यक्तियों को क्या सजा दी गई है ?

रेल मंत्री (श्री ए० बी० ए० गनी खां चोधरी) : (क) से (ग) एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

(क) और (ख) 434 डाउन सवारी गाड़ी के अपहरण का कोई प्रश्न नहीं था। 4.1.84 को 16.27 बजे यह सवारी गाड़ी कामतोल स्टेशन के डाउन बाहरी सिगनल पार करने के बाद वैक्यूम की खराबी के कारण कि०मी० 6117 पर रुकी थी। विद्यार्थियों ने ड्राइवर/गार्ड को गाड़ी पीछे ले जाने के लिए बाध्य किया क्योंकि नकदी का एक थैला पीछे गिर गया था। गाड़ी को पुल संख्या 18 तक लगभग 2 कि०मी० पीछे लाया गया जो मुरेथा स्टेशन से 2 कि० मी० है, जहां थैला पाया गया। ड्राइवर और गार्ड को गाड़ी पीछे करने के लिए बाध्य करने वाले विद्यार्थियों की शिनाख्त नही हो पाई।

(ग) अज्ञात विद्यार्थियों के विरुद्ध रा० रे०पु० स्टेशन दरभंगा में भारतीय रेल अधिनियम की धारा 108/121 और भा० दं०सं० की धारा 341 के अन्तर्गत अपराध सं० 3/84 पर एक संक्षेप अपराध दर्ज किया गया। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गयी है।

कोयले के मूल्यों का रेलवे की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव

*166. **श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी :**
श्रीमती किशोरी सिन्हा :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कोयले के मूल्यों में वृद्धि से रेलवे की आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है ;

(ख) यदि हां, तो इस कारण से रेलवे